# किसान विरोधी भाजपा सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेसी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केन्द्र व राज्य की किसान विरोधी भाजपा सरकार पर कांग्रेस जमकर गरजी। किसानों के साथ निरंतर हो रहे अन्याय के खिलाफ सड़क पर उतरी चौरई ब्लॉक कांग्रेस ने प्रशासनिक अधिकारियों को भी आड़े हाथों लिया। आयोजित धरना आंदोलन में जुटे कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता, पदाधिकारी व क्षेत्र के किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा।

आयोजित आंदोलन को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि भाजपा की सरकार विज्ञापन, पोस्टर व बैनर में चलने वाली सरकार है। इस सरकार के पास विजन नहीं बल्कि टेलीविजन है जिसके सहारे भाजपा की राज्य में 20 व केन्द्र में 15 वर्ष की सरकार हो चुकी है। मंच से स्वयं को किसान हितैषी कहने वाली भाजपा की सरकार में किसान खाद, बीज व कृषि यंत्रों के लिए भटक रहा। फसलों पर सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली की आपूर्ति नहीं मिल रही। खराब बिजली उपकरणों के कारण ट्रिपिंग से किसानों के कुंओं व ट्यूबवेल के मोटर पम्प खराब हो रहे। कांग्रेस जिम्मेदारों की पार्टी है। आज भी कांग्रेस की सरकार में लाई गई योजनाओं से किसान व गरीब परिवार लाभांवित हो रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रयासों से माचागोरा जलाशय का निर्माण हुआ जिससे चौरई सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों किसान लाभांवित हो रहे, किन्तु भाजपा की सरकार में बनकर तैयार हुई नहरें टूट रही, टूटी हुई नहरों से भ्रष्टाचार साफ झलक रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि भाजपा सरकार के जिम्मेदार लोगों ने अभी तक इस पर आवाज क्यों नहीं उठाई।

आयोजित धरना आंदोलन को सम्बोधित करते हुए चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की गूंगी, बहरी व अंधी सरकार चल रही है जिसे किसानों की समस्याएं दिखाई नहीं दे रही। अन्नदाताओं की समस्याओं को लेकर अनेकों बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन प्रस्तुत किया जा चुका है किन्तु अभी तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। भाजपा सरकार का यह रवैया बता रहा है कि प्रदेश में तानाशाही सरकार चल रही है जिसे आमजन की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने माचागोरा जलाशय से किसानों को सिंचाई हेतु नहर से दिए जाने वाले पानी की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि अनेकों स्थान पर नहर टूटी पड़ी है। प्रत्येक किसान के खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा। अनेकों बार प्रशासनिक अधिकारियों से मौखिक आवेदन व निवेदन किया जा चुका है, किन्तु अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ जिसके चलते कांग्रेस को किसान हित में सड़क पर उतरकर हल्ला बोल प्रदर्शन करना पड़ा है। उन्होंने भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अविलम्ब नहरों की मरम्मत नहीं की गई तो भविष्य में उग्र आंदोलन व प्रदर्शन किसानों के साथ मिलकर कांग्रेस करेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

**पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन**-कांग्रेस ने धरना आंदोलन के उपरांत किसानहित में पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। प्रस्तुत ज्ञापन में कांग्रेस ने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती बंद कर सिंचाई हेतु 12 घंटे दिन में बिजली आपूर्ति देने, खराब हो चुके ट्रांसफर्मरों को 24 घण्टे के भीतर बदलने की मांग की गई। माचागोरा जलाशय से चौरई क्षेत्र के सभी किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने एवं जमुनिया लिफ्ट एरीगेशन योजना से लाभांवित 32 गांवों को पानी दिया जाए। किसानों को सभी सोसाइटी से नगद पर्याप्त मात्रा में सभी प्रकार की खाद उपलब्ध कराई जाए। पूर्व में अतिवृष्टि से हुई खराब फसलों का तत्काल मुआवजा दिया जावे एवं बीमा की राशि दी जाए। कृषि उपज मंडी में उचित व्यवस्था बनाई जाए ताकि किसानों को हो रही परेशानी से बचाए जाने की।

# पायोनियर मक्का कम्पनी के किसान मेले में पहुंचे 15 गांवों के तीन सौ किसान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर्रई ब्लॉक के ग्राम बम्होरी में कोर्टेवा एग्रीसाइन्स सीड्स प्रा लि (पायोनियर ब्रांड) द्वारा आज किसान मेले का आयोजन किया गया। जिसमे हर्रई ब्लॉक के करीब 15 गांव के तीन सौ से अधिक प्रगतीशील किसानो ने भाग लिया।

मेले में कम्पनी प्रतिनिधियों ने पायोनियर शंकर मक्का पी-3302 के एक एकड़ के भुट्टो की लाईव गहानी करके दिखाई और सभी किसानो के अनुमान से कहीं ज्यादा उसकी उपज मिली और सभी किसान बहुत संतुष्ट एवं खुश हुए वहीं कम्पनी के वैज्ञानिक प्रशांत कदम ने कम्पनी के नए उत्पादों के बारे में जानकारी और क्षेत्रीय अधिकारी योगेन्द्र जाट ने खाद प्रबंधन और कृषि यंत्रो के बारे में किसानो को अवगत कराया और उन्नतशील किसानो को लकी ड्रॉ के माध्यम से कृषि यंत्र भी दिए जिसमें कम्पनी के अशोक खरवार, नीलेश साहू, हर्षित चौरसिया, विनय धुर्वे, गजेंद्र डेहरिया, भरत नवरेती, जित्तू वर्मा सहित रोहित रघुवंशी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सार-समाचार

# आधे से भी कम पुलिस बल पर निर्भर पांढुर्णा जिला



**पाण्ढुर्णा, देशबन्धु।** पांढुर्णा जिला बने 14 माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन यहां प्रशासनिक और पुलिस अमला की पूरी तरह से तैनाती नहीं हो पाई है। पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना होने के बावजूद पांढुर्णा थाना में आधे से भी कम पुलिस बल कार्यरत है। बल की कमी के कारण लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने में मुश्किलें आ रही हैं, जिससे यहां पदस्थ पुलिसकर्मी भी परेशान हैं।

कर्मचारियों की संख्या- 26 पदस्थ, 33 पद रिक्त, स्वीकृत पद-62, इनमें एस.आई., ए.एस.आई., प्रधान आरक्षक और आरक्षकों की कमी है। बल की कमी के कारण अपराधों की जांच प्रभावित हो रही है। नेशनल हाईवे 47 पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आपराधिक मामलों के लिए निरीक्षकों की तत्काल नियुक्ति आवश्यक है।

पूर्व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने 479 पुलिस बल की मांग का प्रस्ताव एक वर्ष पहले पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा था। जिस पर उच्च अधिकारियों का मंथन आज 14 माह बाद भी जारी है। बल की कमी को दूर करने के लिए 479 पुलिसकर्मियों की आवश्यकता है। फिलहाल जिले में केवल 168 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं, जो जिले की चार थानों पांढुर्णा, सौंसर, लोधीखेड़ा, मोहगांव और तीन चौकियों पीपलानारायणवार, बड़चिचोली, नांदनवाड़ी के लिए पर्याप्त नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 5 अक्टूबर 2023 को पांढुर्णा को मध्यप्रदेश का 55वां जिला घोषित किया था।

नए कार्यालयों का न बनना, अपर्याप्त पुलिस बल, 14 माह बाद भी जिले के प्रशासनिक और पुलिस ढांचे का विस्तार अधूरा है। पुलिस बल की तत्काल भर्ती और तैनाती, अपराध और दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए निरीक्षकों की नियुक्ति। पांढुर्णा में पुलिस बल की कमी का लाभ उठाकर बदमाश और असामाजिक तत्व अपनी अवैध गतिविधियों को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं। ये आवारा और गुंडा प्रवृत्ति के युवा खुद को राजनीतिक पार्टियों और संगठनों से जोड़कर कानून.व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहे हैं।

ये बदमाश अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए राजनीतिक संबंधों का दुरुपयोग करते हैं। जिससे शहरवासियों की सुरक्षा खतरे में है और इन असामाजिक तत्वों की वजह से आम लोग परेशान हैं। वही महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ गया है।

ऐसे असामाजिक तत्वों को सख्त कार्रवाई का सामना करना होगा। पुलिस और प्रशासन को मिलकर इन पर नकेल कसने के लिए तुरंत धरपकड़ अभियान चलाना चाहिए। साथ ही गुंडा तत्वों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। राजनीतिक दबाव डालने वालों पर भी उचित कदम उठाए जाएं। पांढुर्णा को इन असामाजिक तत्वों के आतंक से मुक्त करना जरूरी है। कानून तोड़ने वालों को यह समझना होगा कि कानून से ऊपर कोई नहीं। प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पांढुर्णा में शांति और सुरक्षा का माहौल लौटे। पांढुर्णा जिला प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्थाओं की कमी से जूझ रहा है। बेहतर सुरक्षा और लॉ एंड ऑर्डर के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाना जरूरी है।

# ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा कल चार दिसम्बर को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला खेल एवं युवा कल्याण के निर्देशन में खेलो मध्य प्रदेश के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला खेलकूद अधिकारी आर.आर. नागले के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 4 दिसंबर दिन बुधवार को स्थानीय ओलंपिक स्टेडियम ग्राउंड में प्रात: 10 बजे से किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा विकासखंड के 19 वर्ष से कम आयु वर्ग समूह के बालक बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे आयोजन समिति के जावेद खान व राकेश चौरसिया ने बताया कि खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में प्रवेश हेतु अपना आधार कार्ड, मार्कशीट व जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है इस स्पर्धा के चयनित खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय स्पर्धा में भाग ले सकेंगे की जानकारी दी।

# बिना युक्तियुक्त कारण के पति से अलग रह रही पत्नी भरण पोषण की हकदार नहीं

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** प्रकरण में आवेदिका के द्वारा आवेदक विनोद के विरुद्ध पत्नी होने के नाते 20,000/- प्रति माह भरण पोषण के लिए राशि दिलाए जाने हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जुन्नारदेव के न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत किया जिसे न्यायालय द्वारा एमजेसीआर 251/21 में पंजीबद कर सुनवाई में लिया गया।

प्रकरण मे आवेदक पति की ओर से अधिवक्ता कपिल ठाकर ने पैरवी की एवं यह तथ्य न्यायालय के सामने लाए की आवेदिका स्वयं का भरण पोषण करने में सक्षम हैं एवं वह बिना युक्ति युक्त कारण के अपने पति से अलग रह रही हैं अधिवक्ता कपिल ठाकर के द्वारा न्यायालय के पटल पर लाए गए साक्ष्यो के कारण न्यायालय के द्वारा आवेदिका का उक्त भरण पोषण की राशि की मांग किए जाने संबंधी परिवाद पत्र निरस्त कर अनावेदक विनोद के पक्ष में फैसला सुनाया गया।

# किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर शीतला पटले के मार्गदर्शन में केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र इन्दौर द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कीटनाशक निगरानी प्रणाली-एनपीएसएस प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिले के 10 प्रगतिशील किसान एवं कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित में एनपीएसएस मोबाइल एप व इसके लाभ और आईपीएम एप पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सह वनस्पति संरक्षण अधिकारी अवेन्द्र कुमार यादव, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी हेमन्त कुमार आर्य, प्रभारी अनु. कृषि अधिकारी नरसिंहपुर शिल्पी नेमा व कृषि विस्तार अधिकारी और प्रगतिशील कृषक मौजूद थे।

# जिल में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त : कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में रबी सीजन में मांग के अनुसार सभी उर्वरक लगातार प्राप्त हो रही हैं। जिले में अभी तक कुल यूरिया 38934 मेट्रिक टन, डीएपी एवं एनपीके 27708 मेट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 21499 मेट्रिक टन, एमओपी 7209 मेट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हो चुकी है।

अभी तक यूरिया 28754 मेट्रिक टन, डीएपी एवं एनपीके 17947 मेट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 11179 मेट्रिक टन, एमओपी 3093 मेट्रिक टन उर्वरक वितरण किया जा चुका है। यूरिया 10179 मेट्रिक टन, डीएपी एवं एनपीके 9760 मेट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 10319 मेट्रिक टन, एमओपी 4115 मेट्रिक टन उर्वरक वर्तमान में शेष है।

गत वर्ष नवंबर 2023 की तुलना में इस वर्ष सभी उर्वरक अधिक हैं। इस प्रकार जिले में सभी उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

# चांद कॉलेज विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद में रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस पर सही मार्ग अपनाएं, मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार थीम पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि वक्ता कन्या शाला चांद के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता परेश वर्मा ने एड्स बीमारी के होने के कारण, लक्षण और बचाव पर अपने विस्तृत व्याख्यान में कहा कि व्यक्ति में अगर जीने की तमन्ना है तो लक्ष्य हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं आती है। एड्स जैसी घातक बीमारी के प्रति जन सामान्य में जागरूकता बढ़ाकर इसको रोका जा सकता है। विशिष्ट अतिथि वक्ता भूपेंद्र ठाकरे ने कहा कि एड्स के रोगी को जीवन जीने का मौलिक अधिकार है, किसी भी अज्ञानता से एड्स के रोगी का सामाजिक बहिष्कार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह बीमारी रोगी के पास बैठने से नहीं फैलती है। प्रो. सकरलाल बट्टी ने एड्स पर क्विज प्रतियोगिता का शानदार आयोजन कर छात्रों की इस बीमारी से सम्बंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्राचार्य व रेड रिबन अधिकारी प्रो. अमर सिंह ने कहा है कि एड्स के रोगी के रोगी के साथ उसके स्वाभिमान को खंडित करने वाली कोई भी हरकत नहीं की जानी चाहिए। प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि दिक्कत तब और ज्यादा होती है जब एड्स के रोग को छूत की बीमारी मान ली जाती है। प्रो‍ सुरेखा तेलकर ने कहा कि सावधानी बरतने से एड्स से बचाव संभव है। प्रो‍ संतोष उसरेठे ने कहा कि एड्स की बीमारी में प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर हो जाता हैं।

# नगरीय प्रशासन से मांगे पांच करोड़ के प्रस्ताव

## नपा अमरवाड़ा ने मुख्यमंत्री को सौंपा था मांग पत्र

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू एवम् अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह के नेतृत्व में विगत माह अमरवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव से भेंट कर नगरपालिका में विभिन्न विकास कार्य स्वीकृति करने माँग पत्र सौंपा था। उक्त विकास कार्यों हेतु आर्थिक स्रोत नहीं होने से शासन से राशि की माँग की गई थी जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल द्वारा नगरीय प्रशासन संचालनालय को डी.पी.आर. बुलाने आदेशित किया गया।

नगरीय प्रशासन विभाग संचालनालय द्वारा नगरपालिका को प्रेषित पत्र क्र 07/2024/12566 दिनांक 30 अक्टूबर 24 के माध्यम से अमरवाड़ा वार्ड 06 में तालाब सौंदर्यीकरण हेतु दो करोड़, आडिटोरियम हाल निर्माण हेतु दो करोड़ एवम् विभिन्न वार्डो में सड़क, नाली निर्माण हेतु एक करोड़ कुल पाँच करोड़ के प्रस्ताव स्वीकृति हेतु मंगाए है।



नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी की उक्त माँगो को सांसद विवेक साहू, विधायक राजा कमलेश शाह ने गंभीरता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था जिस पर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है और शीघ्र ही अमरवाड़ा को पाँच करोड़ की अतिरिक्त विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। उक्त राशि स्वीकृति पर तालाब में वोटिंग, रंगीन फ़्व्वारा, घाट निर्माण जैसे कार्य संपन्न होंगे।

नगर विकास के निरंतर प्रयास हेतु सांसद विवेक साहू विधायक राजा कमलेश शाह नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी का उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, लोक निर्माण सभापति कल्पना सतीश साहू, जलकार्य सभापति विनोद साहू, राजस्व सभापति आरिफ़ शाह, सभापति- संजू सूर्यवंशी, नीतू शैलेंद्र पटेल, राजकुमार बरकड़े, अर्पित श्रीवास्तव सहित पार्षदों ने आभार व्यक्त किया है ।

# प्रो. स्वाति जैन को रसायन शास्त्र में मिली पीएचडी की उपाधि



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वाति जैन, पुत्री एस.सी. जैन सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र विभाग डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाडा ने 'चिकित्सीय पौधे औजेनिया उजेनेन्सिस के एंटीऑक्सीडेंट और कैंसर रोधी गतिविधियों पर अध्ययन' विषय पर अपने शोध कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रो. स्वाति जैन द्वारा यह शोध कार्य डॉ. माधुरी सिंघल, प्रोफेसर रसायन विज्ञान, शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया। इस शोध कार्य पर प्रो. स्वाति जैन को बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा रसायन विज्ञान में पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई।

डॉ. स्वाति जैन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, बेटी, गुरुजनों और दोस्तों को समर्पित किया है, जिन्होंने हर कदम पर उनका प्रोत्साहन और उत्साहवर्धन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# फिर हो गया अतिक्रमण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पिछले कुछ दिनों से नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा शहर के इतवारी, बुधवारी, पोस्ट आफिस के सामने, दशहरा मैदान, नागपुर रोड, परासिया रोड, चंदनगांव, वी.आई.पी. रोड, सिवनी रोड, नरसिंगपुर रोड सहित अन्य क्षेत्रों का अतिक्रमण हटाया था और सक्त चेतवानी दी थी।

परंतु नगर पालिका के द्वारा अतिक्रमण हटाने के कुछ ही दिनों बाद यहां स्थिति पुन: ज्यों की त्यों बन गई है। और यहां पर पुन: एक बार गुमटिया लगाकर अतिक्रमण किया जाने लगा है जिस ओर नगर पालिका का ध्यान अपेक्षित है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 26 शाखाओं को दिए वसूली के निर्देश

## कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में ऋण वितरण को भी कहा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. छिन्दवाड़ा की 26 शाखाओं के विकासात्मक कार्यों व विभिन्न योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति तथा प्रगति की समीक्षा कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को सायंकाल में कलेक्टर सभा कक्ष में की।

कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक द्वारा समीक्षा के दौरान विकासात्मक कार्यों की प्रगति में पिछड़ी शाखाओं के शाखा प्रबंधकों को ऋण वितरण अमानत वृद्धि ऋण वसूली में प्रगति लाने के कड़े निर्देश दिये।

इस समीक्षा बैठक में उप आयुक्त सहकारिता जी.एस. डेहरिया, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.के. जैन सहित सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में



उपस्थित शाखा प्रबंधकों को शाखाओं से संबद्ध समितियों में पर्याप्त उर्वरक भंडारण, वितरण के साथ-साथ कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर उनकी पात्रता अनुसार समस्त क्षेत्रों में ऋण वितरण के भी निर्देश दिये गये।

### दिसंबर में 30 प्रतिशत ऋण वसूली का लक्ष्य

कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक शीलेन्द्र सिंह ने अल्पकालीन फसल ऋण वसूली की शाखावार समीक्षा करते हुये जिले के कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना का शतप्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने हेतु माह दिसंबर में अल्पकालीन ऋणों की न्युनतम 30 प्रतिशत ऋण वसूली के भी निर्देश दिये जिसकी समीक्षा आगामी बैठक में की जाएगी।

## दो दिन फील्ड में विजिट करें अधिकारी : कलेक्टर



### कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा, विभागीय योजना का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे, यह प्रयास करना सबकी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों से जुड़े समय सीमा के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की और लंबित मामलों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, जनसुनवाई, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों व न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों एवं विभिन्न समसामयिक विषयों की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सी.एम.एच.ओ., जिला आपूर्ति अधिकारी, माइनिंग ऑफिसर सहित सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि सप्ताह में कम से कम 2 दिन फील्ड पर जरूर जाएं और देखें कि आपके विभाग की संस्थाएं किस तरह से चल रही हैं, अंतिम छोर तक आपके विभाग की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है या नहीं। आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पीडीएस दुकानों, स्वास्थ्य केंद्रों की ग्राउंड फंक्शनिंग ठीक से सुनिश्चित हो।

सभी एस.डी.एम. स्वयं भी फील्ड में जाएं और ब्लॉक लेवल अधिकारियों से टूर प्रोग्राम और निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त कर समीक्षा करें। माइनिंग ऑफिसर खदानों का औचक निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन भेजा करें। उन्होंने अन्य विभागों के जिला अधिकारियों को भी स्कूलों का औचक निरीक्षण लगातार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों के निरीक्षण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल की सुचारू उपलब्धता न मिलना चिंताजनक है। कहीं बोर में खराबी, पाइप लाइन टूटने या टौंटी खराब होने जैसी समस्याओं के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। सभी स्कूलों को मेंटेनेंस की राशि भी दी जाती है, बावजूद इसके यह स्थिति चिंताजनक है। जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी जिले के सभी स्कूलों से नल जल की सुचारू उपलब्धता है या नहीं इसकी रिपोर्ट प्राप्त कर प्रस्तुत करें।

विगत दिवस बिछुआ ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमरा के औचक निरीक्षण में साफ सफाई असंतोषजनक पाई गई थी। जबकि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है। सीएमएचओ जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित स्वच्छता सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर ने नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के अधिकारियों को अतिक्रमण पर पुख्ता कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कहा जहां से एक बार अतिक्रमण हटा दिया है, वहां दोबारा न हो, यह भी सुनिश्चित कराएं। साथ ही अवैध कॉलोनी के शेष प्रकरणों में भी एफ.आई.आर. शीघ्र दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया है।

उन्होंने इस बार चुने गए विभागों और उनके विषयों की जानकारी दी और अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि इनसे संबंधित हितग्राहीमूलक सी एम हेल्पलाइन शिकायतों, सीपी ग्राम और सी एम कार्यालय की शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से देखें और उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। सभी विभाग 100 दिवस से अधिक की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर भी विशेष ध्यान दें।

जिला स्तर से निराकरण योग्य कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जिले पर्याप्त उर्वरक का भंडार है। अधिकारी प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करें।

## कलार समाज का नववर्ष मिलन और सांसद सम्मान समारोह पांच को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कलचुरी कलार समाज का नववर्ष मिलन और सांसद विवेक बंटी साहू के सम्मान समारोह के साथ वरिष्ठों के सम्मान एवं समाज की प्रतिभाओं के सम्मान का समारोह 5 जनवरी 2025 क? आयोजित किया गया है।

समाज के मीडिया प्रभारी आशीष कटकवार ने बताया कि गत दिनों आयोजन हेतु समाज के वरिष्ठों की बैठक राय भवन दुर्गा चौक, पुराना पावर हाउस रोड, छोटा तालाब के पास छिंदवाड़ा में संपन्न हुई। जिसमे निर्णय लिया गया कि समारोह का आयोजन कलचुरी कलार समाज के खजरी रोड स्थित भवन में किया जाएगा। जिला कलचुरी महिला मंडल की वरिष्ठ मात्र शक्तियों के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

समारोह के लिए संरक्षक के तौर पर अरविंद राय, संयोजक नंदकिशोर सूर्यवंशी, हेंमत राय, सी.बी. सूर्यवंशी, उमाशंकर राय एवं एस.पी. माहोरे को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम हेतु कोषाध्यक्ष पंकज बोरले को बनाया गया है। समारोह हेतु आयोजन समिति बनाई गई है जिसमे अरविंद राय, शरद राय, संतोष राय, पंकज बोरले, कृपाशंकर सूर्यवंशी, नरेन्द्र माहोरे, विवेक बंटी राय, राधेश्याम सूर्यवंशी, अनुज चौकसे, आशीष कटकवार, निक्की सूर्यवंशी, सरविंद सूर्यवंशी, राजेन्द्र राय, अमित माहोरे, मनोज सूर्यवंशी, बृजेश राय(टिंकु), सुभाष सूर्यवंशी, विजेन्द्र सूर्यवंशी, अखिलेश राय, राम राय, गौरव जायसवाल, अमित राय, प्रवीण सूर्यवंशी (गुड्डा), सोहन माहोरे, सुनील राय, शशि सूर्यवंशी, सोहन सूर्यवंशी, दिनेश सूर्यवंशी, दर्शन राय, विवेक राय, दिलीप राय, को शामिल किया गया है। मंच व्यवस्था के लिए अखिलेश राय, अनुज चौकसे, कैशरी नंदन सूर्यवंशी, विवेक राय(बंटी), भोजन व्यवस्था पंकज बोरले, कृपाशंकर सूर्यवंशी, पंडाल एवं बैठक व्यवख्या अंकुर मोनू राय, अमित राय को दायित्व है।

### सार समाचार

## जिला अस्पताल में हम होंगे कामयाब पखवाड़े पर किया गया जनजागरूकता कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एन.के. शास्त्री के दिशा निर्देशन में जिला अस्पताल की गायनिक वार्ड में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह मुक्त भारत बनाना, मां के गर्भ में पल रही बच्चियों के लिंग परीक्षण की रोकथाम करना, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा करवाना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हम होंगे कामयाब पखवाड़ा 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक मनाया जा रहा है जिसमें भारत सरकार एवं राज्य सरकार के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता अभियान मनाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर श्वेता पाठक, डॉक्टर महाजन, डॉक्टर सचित्रा उईके, डॉक्टर मीणा पवार, नर्सिंग ऑफिसर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## जिले में नौ उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 20 जनवरी तक की जाएगी धान की खरीदी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति के अनुसार जिले में 02 दिसंबर 2024 से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 20 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। धान खरीदी के लिए जिले में 09 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान क्रय के लिये कुल 1882 कृषकों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत किसानों की संख्या एवं दूरी को दृष्टिगत रखते हुये जिले में 09 उपार्जन केन्द्र जिसमें चौरई, बिछुआ, छिन्दवाड़ा, जुन्नारदेव व हर्रई में 01-01 और अमरवाड़ा व तामिया में 02-02 उपार्जन केन्द्र बनाए गये हैं। धान का समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। प्रथम दिवस 02 दिसंबर से 05 दिसंबर 2024 तक की स्थिति में उपार्जन केन्द्र दमुआ में 02, उपार्जन केन्द्र चावलपानी में 03 एवं उपार्जन केन्द्र झिलमिली में 01 कृषक द्वारा उपज विक्रय के लिए स्लॉट की बुकिंग कराई गई है। उन्होंने जिले के सभी पंजीकृत कृषकों से अपील की है कि उपार्जन केन्द्र में फसल विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग करवा कर निर्धारित अवधि में उपज लेकर उपस्थित हों एवं उपार्जन केन्द्र पर शासन के द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार साफ सुथरा उपज ही लेकर आएं।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 03 दिसंबर 2024 विश्व दिव्यांग दिवस का जिला स्तर पर आयोजन किया गया है। इस संबंध में 28 नवंबर 2024 को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा कार्यक्रम स्थल जिला ऑलम्पिक स्टेडियम छिन्दवाडा नियत किया गया है।

आज 03 दिसंबर 2024 विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला ओलंपिक स्टेडियम ग्राउंड छिंदवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में दिव्यांगों की जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के सभी दिव्यांगजन अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल एवं समूह गायन नृत्यए मिमिक्री व फैशन शो आदि प्रतियोगितायें संपन्न कराई जाएंगी। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता में 50 व 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता व मेहंदी प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

## परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 29 वाहनों से 86700 रूपये का जुर्माना लिया गया ।

## एड्स् की जानकारी ही बचाव : श्यामल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एड्स भयावह बिमारी है इसका ईलाज नही है यह लाईलाज बिमारी है इससे बचने का एक ही उपाय है वह जानकारी ही बचाव है। उक्त विषय की जानकारी देने के लिये स्वंयसेवी संस्था अभ्यूदय लोक सेवा संस्थान एवं जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के द्वारा स्थानीय शासकीय महाविद्यालय बिछुआ मे संचालित



मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रो के लिए जागरुकता कार्यक्रम किया गया।

विश्व एड्स् दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे छात्रो को सम्बोधित करते हुए परामर्शदाता श्यामल राव ने एड्स् के इतिहास पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया की वर्ष 2015 के आंकड़ों से यह स्पष्ट होता हे की प्रतिवर्ष जिले में एच.आई.व्ही. पाजेटिव के केसेस बढ़ते जा रहे है। यह कह सकते हे की वर्ष 2015 से वर्ष 2024-25 के आंकड़े देखा जाय तो प्रतिवर्ष 50 से 60 के आस पास एच.आइ.वी पॉजेटिव की संख्या मे इजाफा हो रहा है। वर्तमान मे पॉजेटिव केसेस की संख्या महिला पुरुष को मिलाकर 1112 की है। संख्या मे रोक लगाने के लिए हम सभी को एड्स् की जानकारी ही बचाव से अवगत होना होगा। साथ ही क्षय रोग पर भी विशेष कार्य करने पर जोर देना होगा क्योंकि क्षय ओर एड्स् दोनो को भाई बहन के रुप मे जाना जाता है।

क्षय रोगियो को एच.आई.वी. का वायरस शरीर पर तेजी से फैलता है जिससे व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता कम होने से शीघ्र मृत्यु हो जाती है। टी.आई. परियोजना प्रबंधक सुनील बंदेवार ने बताया की एड्स् के विषय मे जानकारी देने के लिए संस्था के माध्यम से अनेक प्रकार की जागरूकता गतिविधि आयोजित की जा रही है, प्रचार प्रसार के दौरान संस्था के कार्यकर्ता लोगो को सुरक्षित यौन संम्बंधो से अवगत कराने कार्य कर रहे है।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने कहा की एच.आई.वी. एवं पारिवारिक शिक्षा की जानकारी बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू. के छात्रों के माध्यम से ग्रामीण जनों को देकर लोगों को एड्स के प्रति जागरुक करेंगे।

## कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रगान, फिर प्रारंभ हुई कार्यालयीन गतिविधियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिमाह माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत का गायन किया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत गायन के बाद कार्यालयीन गतिविधियां प्रारंभ हुईं।

कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आर.के. मेहरा व राहुल कुमार पटेल के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट-गान जन गण मन एवं राष्ट्र-गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया।

शासकीय कलापथक दल के प्रमुख कलाकार नरेन्द्र पाल द्वारा अन्य कलाकारों के साथ राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत का संगीत के साथ गायन कराया गया।





## न्यूटन में दूषित पानी की सप्लाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** न्यूटन में आज दूषित पानी की सप्लाई होने पर नगर के नागरिकों में रोष व्याप्त हो गया। भारतीय जनता पार्टी के लोगों के द्वारा नगर परिषद का घेराव कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम का ज्ञापन अध्यक्ष अनुपम राय को सोपा गया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नगर की जनता को कोयला खदान का पीला युक्त पानी की सप्लाई की गई जो की पीने योग्य नहीं है यहां तक की निस्तार के लायक भी नहीं है ज्ञापन में कहा गया की नगर परिषद के द्वारा अगर जनता को साफ पानी की सप्लाई नहीं की जाती है तो फिर पार्टी के लोग नगर परिषद के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर की जनता लंबे समय से दूषित पानी को लेकर शिकायत कर रही है लेकिन उसके बावजूद वार्ड के लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा है जनता लंबे समय से साफ पानी के लिए तरस रही है नगर परिषद के बांध से लगातार कोयला खदान का दूषित पानी सप्लाई हो रहा है जिसके कारण बीमारी का खतरा बढ़ गया है

जानकारी के अनुसार नगर में पेंच नदी पर नगर परिषद में पानी सप्लाई के लिए बांध बनाया है लेकिन लंबे समय से बांध के पानी में कोयला खदान का पीला और बदबूदार पानी आ रहा है जबकि पानी की सफाई के लिए परिषद का फिल्टर प्लांट है लेकिन उसके बावजूद कई बार देखने को मिला है कि बगैर फिल्टर किया पानी सप्लाई किया जाता है जिसकी वजह से पानी की व्यवस्था बिगड़ी हुई है।

ज्ञापन देते समय नगर परिषद में भाजपा के पार्षद जयंत राय, राहुल सराठी, रमेश साहू, अनिल वानखेड़े, हरी मुंजारे, सिवनाथ ककोडिया, मनिश चौहान, पूशातं चौरसिया, अंशुल अग्रवाल, विवेक यादव के अलावा श्रीचंद पटेल, राजेंद्र यादव, आदि उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति तथा बाल विवाह की रोकथाम के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में विकासखण्ड समन्वयक वन्दना राकेशिया, मेंटर राजेश तिवारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम / कार्यक्रम के विद्यार्थियों के साथ ग्राम पंचायत पिपरिया राजगुरु, करबडोल, सुखारी में ग्रामवासियों के साथ संगोष्ठी का आयोजन कर बच्चों, युवाओ और ग्रामवासियों को नशामुक्ति, स्वच्छता का संदेश दिया गया।

साथ ही बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित कर शासन की विविध योजनाओ की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक वन्दना राकेशिया, मेंटर राजेश तिवारी, समाजसेवी जयकुमार साइलवार सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## गीता भलावी ने सेवानिवृत्ति पर बांटे स्वेटर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गीता भलावी सहायक शिक्षिका के रिटायरमेंट पर हुए भव्य कार्यक्रम डीपीसी जे.के. इरपाची के हस्ते स्वेटर वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विदित हो कि सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में डी पी सी इरपाची एवं संकुल प्राचार्य सारना आर एस बघेल ग्राम से पधारे ख्याली पटेल श्री डी.पी भलावी, नेर से देवेंद्र सोनी, स्थानीय हाई स्कूल प्राचार्य रोहिणी साहू की उपस्थिति में नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के सभी बच्चों को स्वेटर वितरण की गई।

इस अवसर पर सभी शिक्षको ने अपने विचार रखें और गीता भलावी के कार्य की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी।

## 128 वाहन चालकों से वसूला 43 हजार जुर्माना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उच यायालय जबलपुर के दिशनिर्देशानसार एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों के उलघंनकर्ता वाहन चालको के विरूद्ध हेलमेट, सीट बेट एवं चारपिहया वाहन पर काली फिल्म आदि शीर्ष में प्रभावी कायवाही हेतु पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पांडे के मार्गदशन एवं दिशानिर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में नगर निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात छिन्दवाडा द्वारा कल दो दिसबंर 2024 को छिंदवाडा पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष यातायात जाँच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात क नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढावा देना था। इस अभियान में थानो एवं यातायात दारा कायवाही कर संयुक्त रूप से निम्नलिखत कायवाही की गई

हेलमेट न पहनने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 103 पर समन शुल्क की राशि 30,900/- रूपये, वाहन चलाते समय चालक दारा सीटबेल्ट न पहनने के कारण 05 पर 2500 रूपये समन शुल्क, वाहन चालक द्वारा वाहन के दस्तावेज पेश न करने पर 05 करण पर 2500 रूपये, वाहन में काली फिल्म लगा होने पर 08 प्रकरण पर 4000 रूपये, चालक द्वारा बगल में सवारी बैठाना के करण 05 पर 2500 रूपये समन शुल्क, वाहन के बॉडी से ऊँचा, लम्बा तथा डाला खुला होकर सामान भरा होना के प्रकरण 01 पर 500 रूपये समन शुल्क, वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर अकिंत न होना के करण 01 पर 500 रूपये समन शुल्क की राशि वसलू की गई। समत वाहन चालक को वाहन का दस्तावेज रखने एवं यातायात के नियमों का पालन करने हेतु मुनासिब हिदायत दी गई।

इस प्रकार दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करते पाये जाने पर कुल 128 वाहनों के विरूद्ध चालानी कायवाही कर 43,400/- रूपयेसमन शुल्क की राशि वसूल की गई।

यातायात पुलिस का मूल उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना नहीं है बल्कि वाहन चालकों में यातायात नियमों का महत्व एवं स्वप्रेरणा से नियमों पालन करने हेतु सजग किया गया है। यातायात पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें।

## आरसेटी प्रशिक्षण केन्द्र इमलीखेडा छिन्दवाडा में कस्टम ज्वैलरी उद्यम विषय में 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आरसेटी प्रशिक्षण केन्द्र इमलीखेडा छिन्दवाडा में आज कस्टम ज्वैलरी उद्यम विषय पर 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में 32 ग्रामीण महिला प्रतिभागी शामिल हुये जिसमें म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह के सदस्यों ने कस्टम ज्वैलरी उद्यम में प्रशिक्षण लिया।

जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा रोजगार, स्वरोजगार के लिये महिलाओं के लिए एक अच्छी पहल है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद व्यवसाय को शुरु करने हेतु मार्गदर्शन दिया, ताकि महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हो एवं आत्मनिर्भर बने। आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक अच्छी संस्था है।

इस समापन कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक रेखा अहिरवार, आरसेटी निर्देशक अरविंद कुमार, जिला प्रबंधक (रोजगार) म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सुक्कन कुमार कवडे एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित था ।